हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 02 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

===

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के रामसिया गांव से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया। एक महीने तक चलने वाला यह अभियान देश की कृषि भूमि को बचाने और किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए जागरूक करने पर केंद्रित है। श्री चौहान ने कहा कि किसानों को खेत को, माटी को बचाने के लिए कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

इस अभियान में कृषि विश्वविद्यालय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि विज्ञान केंद्र और जनप्रतिनिधि मिलकर भाग ले रहे हैं। अभियान के तहत किसानों को मिट्टी परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग और जल संरक्षण जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ भी किसानों तक पहुंचाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छ भारत मिशन- द्वितीय के तहत योजनाओं को मिशन मोड में लागू करें ताकि हरियाणा के शहर स्वच्छ, सुंदर और नागरिकों के लिए बेहतर जीवन गुणवत्ता वाले बन सकें। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा के शहर स्वच्छता और शहरी

प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं तो वे देश के अन्य राज्यों के लिए आदर्श बनेंगे।केंद्रीय मंत्री कल शहरी स्थानीय निकाय विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

श्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं की स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्थायी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सीवरेज व्यवस्था, ड्रेनों की सफाई, शौचालय अवसंरचना, घर-घर कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र, लीगेसी वेस्ट प्रबंधन, बहुमंजिला पार्किंग और बायो-सीएनजी संयंत्र सहित विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई।

देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास सिद्धांत के तहत पिछले 12 वर्ष में उल्लेखनीय बदलाव आया है। इस दौरान मोदी सरकार ने निर्धनों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की है। आकाशवाणी समाचार पिछले 12 वर्षों में प्रमुख क्षेत्र में सरकार के प्रयासों पर विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कर रहा है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में हुए प्रयासों पर एक विशेष रिपोर्ट।

पिछले बारह वर्षों में, केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। साल 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लाखों महिलाओं को बिना किसी गारंटी के ऋण मिल रहा

<u>है। जिसके कारण उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने और आगे बढ़ाने में मदद मिली है। इस योजना के तहत, इस वर्ष मार्च तक 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋण लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से लगभग 17 लाख करोड़ रुपये महिलाओं को दिए गए।</u>

चंडीगढ़ के सेक्टर 16 के सरकारी बहु विशेषज्ञता अस्पताल के रक्त बैंक में आज प्रातःकाल आग लग गई। आग सबसे पहले ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों द्वारा देखी गई, जिन्होंने तुरंत सुरक्षा कर्मियों को सूचित किया। सुरक्षा कर्मियों ने बिना विलंब प्रतिक्रिया देते हुए आग पर काबू पा लिया।

अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों, ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा रक्त बैंक की आवश्यक सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

प्रारंभिक आकलन के अनुसार, आग लगने का संभावित कारण एयर-कंडीशनिंग यूनिट में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। इस हादसे में किसी के हताहत होने या झुलसने की कोई सूचना नहीं है । प्रशासन के अनुसार रक्त भंडार, उपकरण, अभिलेख या □ांचे को भी कोई उल्लेखनीय क्षति नहीं हुई है।

घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम हेतु विस्तृत तकनीकी जांच जारी है।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड- सीबीएसई ने बारहवीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन और अंकों की पुष्टि के लिए पोर्टल को सक्रिय कर दिया है। विद्यार्थियों को पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के बारे में जारी निर्देशों का ध्यान से अनुपालन करने को कहा गया है। बोर्ड ने इस जानकारी के लिये वीडियो जारी किया है।